स्थापित 1968

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का मुख पत्र

₹5

श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका

सामाजिक चेतना एवं जागरुकता के लिये सजग मासिक पत्रिका

(पल्लीवाल, जैसवाल, सैलवाल सम्बन्धित जैन समाज)

अंक 1 ✦ प्रकाशन तिथि : 25 जुलाई 2021 ✦ वर्ष 10 ✦ कुल पृष्ठ 44 ✦ मूल्य ₹5

"रिश्ता" ऐसा हो जिस पर नाज हो,
कल जितना "भरोसा" था, उतना ही आज हो.....!
"रिश्ता" सिर्फ वो नहीं जो, "गम या खुशी" में साथ दे,
"रिश्ते" तो वो हैं जो हर पल, अपनेपन का एहसास दें.....!

स्व. श्री स्वरूप चन्द जी जैन (मारसन्स)

(19 अगस्त 1927 – 31 अगस्त 2016)

जैन समाज के लिये आपका योगदान एवं समाज को एक सूत्र में बांधे रखने का अन्तिम सन्देश सदैव स्मरणीय रहेगा।

आपका प्रेरणामय जीवन हमारे लिए सदैव पथ प्रदर्शक रहेगा।

MARSON'S

ISO 9001:2000 CERTIFIED COMPANY

समस्त परिवारीजन
स्टाफ एवं कर्मचारीगण

MARSON'S ELECTRICAL INDUSTRIES

(Prop. MEI Power Pvt. Ltd.)

www.marsonselectricals.com • E-mail : info@marsonselectricals.com

1/189, Delhi Gate, Civil Lines, Agra-282002 (India)

Ph : +91-562-2520027, 2850812 • Fax : +91-562-2851306

Works :

Mathura Road, Artoni, Agra - 282007 (India)

Ph : +91-2641448, 2642327-28 • Fax : +91-562-2641435

TRANSFORMERS EXPORTED TO OVER 15 COUNTRIES

सामाजिक चेतना एवं जागरुकता के लिये सजग

श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का मुख पत्र

(पल्लीवाल, जैसवाल, सैलवाल सम्बन्धित जैन समाज)

Email : shripalliwaljain.patrika@gmail.com

मूल्य ₹ 5/-

अंक 1 ✦ 25 जुलाई 2021 ✦ वर्ष 10

कुल पृष्ठ : 44

पूर्व प्रकाशन मथुरा से, सम्प्रति जयपुर से प्रकाशित

महासभा पदाधिकारी

श्री आर.सी. जैन *(अध्यक्ष)*
(सेवानिवृत्त आई.ए.एस.)
एन-19, आदिनाथ नगर, जे.एल.एन. मार्ग,
जयपुर (राज.)-302018
मोबा. : 9414279070, 9829999335
E-mail : rcjainras@gmail.com

श्री राजीव रतन जैन *(महामंत्री)*
301-ए, सुख सागर अपार्टमेन्ट, 4, जानकी नगर मेन,
इन्दौर (म.प्र.)-452001, मोबा.: 9425110204
E-mail : jainrajeevratan@gmail.com

श्री अजीत जैन *(अर्थमंत्री)*
1द39, काला कुंआ हा.बोर्ड, अलवर (राज.)-301002
फोन : 0144-2360115, मोबा.: 9413272178
E-mail : akjain2021@yahoo.in

पत्रिका प्रबन्ध एवं सम्पादक मण्डल

डॉ. अनुपम जैन *(परामर्शदाता)*
'ज्ञानछाया', डी-14, सुदामानगर, इन्दौर-452009
फोन : 0731-2797790, मोबा.: 9425053822
E-mail : anupamjain3@rediffmail.com

श्री चन्द्रशेखर जैन *(संयोजक)*
86, मगन विला, श्री विहार कॉलोनी, होटल क्लार्क
आमेर के पीछे, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर-302018
फोन : 0141-2553272, मोबा.: 9829134926
E-mail : csjain30@yahoo.co.in

श्री प्रकाश चन्द जैन *(सम्पादक)*
78, बैंक कॉलोनी, महेश नगर विस्तार ''बी''
गोपालपुरा बाईपास, जयपुर-302015
मोबा.: 9828374013
E-mail : pcjain49@gmail.com

श्री पारस जैन गहनौली *(सह-सम्पादक)*
बी-204बी, 10-बी स्कीम, गोपालपुरा बाईपास,
जयपुर-302018, मोबा.: 9928715869

श्री महेश चन्द जैन *(अर्थ संयोजक)*
36-सी, कृष्णा विहार विस्तार, गोपालपुरा बाईपास,
जयपुर-302015, मोबा.: 9828288830
E-mail : 3466mahesh@gmail.com

संयोजक की कलम से....

सकारात्मक सोच

समाज के विकास, एकजुटता में समाज का नेतृत्व करने वाले लोगों का नजरिया सबसे महत्वपूर्ण है। व्यक्ति यह सोच कर समाज का नेतृत्व देने का प्रयास करता है कि वह समाज को सही दिशा प्रदान करेगा और इसके लिये उसे सम्पूर्णता की सोच रखकर चलना होता है, लेकिन व्यक्ति यह सोचे कि वह अकेला ही सब कुछ कर लेगा अथवा समाज उसका पिछलग्गु रहेगा, तो यह गलत है। व्यक्ति स्वयं को ही ले और यह सोचे कि मेरे हाथ ही या पैर ही या दिमाग ही काम करता है तो यह गलत है, काम उसका संपूर्ण शरीर करता है। ठीक ही उसी तरह समाज का नेतृत्व प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह महिला, पुरुष, बच्चे कोई भी हो सभी के सामूहिक प्रयास एवं सहयोग से समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलेगा तो निश्चित रूप से समाज विकास की राह पर अग्रसर होगा।

एक कहानी है, एक राक्षस था जो गांव के बच्चों को डराता-धमकाता और परेशान करता था। एक दिन एक गडरिया अपने भाईयों से मिलने आया और उसने देखा तो वह बोला, 'तुम लोग राक्षस से डरते क्यों हो।' उसके भाई बेहद डरे हुए थे, उन्होंने जवाब दिया, 'क्या तुमने देखा नहीं कि वह इतना बड़ा है कि उसे मारा नहीं जा सकता।' तब उस गडरिये ने कहा, 'ऐसी बात नहीं है, बल्कि यह सोचो कि वह बड़ा नहीं है और उसे मारा जा सकता है। जब तुम उसे मारोगे तो कोई चूक नहीं होगी।' इस बात ने उसके भाइयों को इतनी हिम्मत दी कि उन्होंने गुलेल से ही राक्षस को मार डाला। कहानी का सार है कि राक्षस वही है, व्यक्ति भी वही है लेकिन उसके नजरिये की सकारात्मक सोच ने हार को जीत में बदल दिया।

साथियों, समाज का स्वरूप भी कुछ इसी तरह का है जिसमें हम सभी को मिल कर समाज में व्याप्त राक्षस रूपी नजरिये को सकारात्मक नजरिये से मारना है। समाज को नेतृत्व देने वाला जो व्यक्ति ईमानदार, मददगार, क्षमतावान एवं अनुभवी होने के साथ-साथ समय दे सकता हो वही व्यक्ति समाज की एकजुटता, उत्थान के साथ संघटन को मजबूती प्रदान कर सकता है। कई बार ऐसा होता है कि बोल-चाल की बातों में काफी आत्मीयता और सहिष्णुता बरतने वाले लोग भी जरा सी बात पर वर्षों की सहजता को खो देते हैं और अपनी सामाजिक पहचान को धूमिल कर देते हैं। अतः हम सभी को सकारात्मक सोच के साथ समाज-हित में एक दूसरे को समझते हुए बिना किसी द्वैष के समाज की एकजुटता के लिए कार्य करेंगे।

-चन्द्रशेखर जैन

पत्रिका में प्रकाशित लेख एवं विचारों से सम्पादक मण्डल का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
यह लेखकों के निजी विचार माने जाने चाहिये।

भावभीनी श्रृद्धांजलि



पूजनीय पिताजी स्व. श्री प्यारेलाल जी जैन चौधरी
श्रद्धेय माताजी स्व. श्रीमती असरफी देवी जी जैन
(मूल निवासी - मौजपुर, अलवर)

स्व. श्रीमती इन्दु जी जैन
(धर्मपत्नी श्री पदम चन्द जैन)
(स्वर्गवास : 30.12.2018)

हम सभी परिवार के सदस्य सादर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये भगवान वीर से उनकी चिर आत्मीय शांति की प्रार्थना करते हैं।

श्रद्धावनत

पुत्र :
पदम चन्द जैन

पौत्र-पौत्रवधु :
पारस जैन-रश्मि जैन,

पौत्री-दामाद :
डिम्पल-राजेश जैन
सिम्पल-नितिन जैन
प्रिती-उत्तम कोठारी

पड़पोत्री-पौत्र :
चेल्सी जैन-अक्षत जैन

पुत्र :
अनूप चन्द जैन

पौत्र-पौत्रवधु :
हेमन्त जैन-मधु जैन

पौत्री-दामाद :
सुनिता-सुनिल
अनिता-परवेश
विनिता-प्रताप

पड़पौत्र :
रोबीन-मानस

निवास :
बी-52, कीर्ति नगर, टोंक रोड, जयपुर
फोन : 0141-2706317, 9829066317, 9414055855

कोरोना जैसी महामारी को हराने का महामंत्र

बन्धुओं, जैसा कि आप सभी मालूम है कि पिछले काफी समय से पूरा विश्व कोरोना महामारी से जूझ रहा है। इस महामारी ने मानो सम्पूर्ण मानवता को खत्म करने का प्रण लिया हुआ है। जहाँ पूरे विश्व में इस महामारी की प्रथम लहर में अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, रुस जैसे अनेक दिग्गज देशों में विशाल जनहानि हुई वहीं दूसरी लहर में हमारे भारतवर्ष में बहुत अधिक मात्रा में जनहानि होने से पूरे देश में दहशत और गम का माहौल सभी को अपने आगोश में ले रहा था। सभी भारतवासी अपनों को खोने की वजह से और अपनों को खोने के डर से बहुत ही डरे हुए और सहमे हुए थे। सभी लोगों के मन में नकारात्मक विचारों ने कब्जा कर लिया था क्योंकि पूरे देश में लॉकडाउन लगा दिया गया था अतः सभी लोग अपने-अपने व्यवसाय बंद करके घरों में फालतू बैठे थे। दिन भर टी.वी. देख कर भी दहशत में आने लगे थे क्योंकि सभी न्यूज चैनल इस महामारी की नकारात्मकता को दिखा कर लोगों को और डरा रहे थे।

इस भयानक महामारी ने पल्लीवाल समाज के काफी लोगों को अपना ग्रास बना लिया था। सभी लोग इन नकारात्मक विचारों और खबरों से बहुत ही डरे हुए थे। ऐसी विषम परिस्थितियों में भी पल्लीवाल समाज की अजमेर शाखा में उत्सव मनाया जा रहा था। उत्सव भी ऐसा कि जैसे दशलक्षण महापर्व मनाया जा रहा हो क्योंकि पल्लीवाल समाज की अजमेर शाखा के हाथों में इस महामारी को हराने का महामंत्र लग चुका था। और वो महामंत्र है घर पर रहो, सुरक्षित रहो, व्यस्त रहो, मस्त रहो। घर पर तो सभी बैठे थे, पूरा राष्ट्र ही घर पर बैठा था और घर बैठा आदमी व्यस्त कैसे हो सकता है। जबकि इसके ठीक विपरीत अजमेर समाज का प्रत्येक सदस्य पूरे लॉकडाउन में व्यस्त रहा, इसलिए मस्त रहा, इसी का परिणाम है कि कोरोना की द्वितीय लहर में अजमेर पल्लीवाल समाज में एक भी सदस्य की कोरोना से हानि नहीं हुई। कितनी बड़ी उपलब्धि है ये। अब सभी सोचेंगे कि अजमेर समाज ने ऐसा कैसे किया सभी व्यस्त भी रहे, मस्त भी रहे, उत्सव भी मनाया, और कोई हताहत भी नहीं हुआ।

अजमेर पल्लीवाल समाज लॉकडाउन में भी कैसे व्यस्त रहता था उसका तरीका आप सभी को बताते हैं। हमारे यहां के सभी लोग प्रातः अपने सभी नित्य कर्म (स्नानादि) से निवृत्त होकर अपने पूजा पाठ, ध्यान आदि करने के पश्चात चाय-नाश्ता करके 10:30 बजे तक आठ वर्ष के बच्चे से लेकर 80 वर्ष तक के बुजुर्ग सब लोग फ्री होकर अपने-अपने मोबाईल फोन लेकर बिल्कुल तैयार हो जाते थे। 11:00 बजे पल्लीवाल समाज अजमेर के वाट्सएप ग्रुप में एक बड़ी ही रोचक प्रश्नमाला प्रेषित की जाती थी, इस प्रश्नमाला को हल करने के लिये सभी दिन भर व्यस्त रहते थे।

ऐसा क्या था इस प्रश्नमाला में कि पूरा समाज इसे हल करने में व्यस्त रहता था? प्रतिदिन की प्रश्नमाला के प्रथम भाग में रोचक, धार्मिक, सामाजिक, विज्ञान से सम्बन्धित, सामान्य ज्ञान से सम्बन्धित प्रश्न दिये जाते थे एवं द्वितीय भाग में एक चित्रमाला दी जाती थी। इस चित्रमाला में अपने समाज के पुराने दिवंगत लोगों के, वर्तमान में समाज के साधारण सदस्यों के, नवीन पीढ़ी के बच्चों के, समाज के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के चित्रों आदि के चित्र प्रेषित कर उनका परिचय पूछा जाता था। प्रत्येक रविवार को चिल्ड्रंस डे मनाया जाता था, उस दिन बच्चों के लिये प्रश्नमाला प्रेषित की जाती थी। रविवार को जहाँ छः वर्ष के बच्चे इस प्रश्नमाला में जुड़ने के लिये लालायित रहते थे वहीं 75 वर्ष के बुजुर्ग भी अपने आप को बच्चा जान कर अपने बचपन की यादों को ताजा कर लेते थे, कितने सुखद पल जीये हैं हमने लॉक डाउन में। इस प्रश्नमाला को हल करने में समाज के सभी परिवारों का ये हाल था कि यदि परिवार में दस सदस्य हैं तो वे सभी एक ही जगह एक साथ बैठ कर हल करने में एक दूसरे का सहारा ले रहे थे। कितना बड़ा फायदा हुआ इस प्रश्नमाला का, जो परिवार कभी दस मिनट से ज्यादा एक साथ नहीं बैठ पाता था, आज वही परिवार पाँच-छः घण्टे तक एक साथ बैठ कर एक दूसरे का हाथ बटा रहा था, एक दूसरे को समझ रहा था, आपस में मदद कर रहा था इससे पारिवारिक एकता को भी बढ़ावा मिला। किसी को ना खाने की चिंता ना ही खाने की कोई फरमाइशें, कितना सरल जीवन जीया है हमने लॉक डाउन में।

कई सवाल ऐसे भी थे जो परिवार के सभी सदस्यों को नहीं आते थे अथवा कुछ चित्र ऐसे थे जिन्हें पहचान नहीं पाते थे। इन्हें हल करने के लिये कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर लाइफलाइन फोन ऑफ फ्रेंड का दौर शुरु होता था यानि सभी

अपने-अपने अजमेर और अजमेर से बाहर के रिश्तेदारों से फोन पर मदद माँगते थे। इस लाइफलाइन का सहारा लेने में सभी की कुशलक्षेम भी मालूम हो जाती थी। कितना बड़ा फायदा था ये कि सभी इस लाइफलाइन की वजह से एक दूसरे से जुड़ जाते थे।

सांयकाल 6:00 बजे तक यही सब चलता था, सभी लोग 6:30 बजे तक प्रश्नमाला के जवाब प्रश्नकर्ताओं के निजी वाट्सअप नंबर पर प्रेषित कर देते थे। सायंकाल 7:30 बजे तक सभी का रिजल्ट बना कर ग्रुप में प्रेषित किया जाता था। सभी के अंक बताये जाते थे सर्वाधिक अंक लाने वाले विजेताओं और चैम्पियंस के फोटो ग्रुप में प्रेषित किये जाते थे। फिर दौर शुरु होता था समाज के सभी सदस्यों द्वारा विजेताओं और चैम्पियंस को बधाइयाँ और शुभकामनाएँ देने का, यह दौर रात्रि 10:00 बजे तक चलता था।

इतने व्यस्त कार्यक्रम में कोरोना अथवा कोरोना से जुड़ी नकारात्मकता के बारे में सोचने का समय ही नहीं था किसी के पास, सभी की विचारधारा सकारात्मक थी, आपसी सहयोग की थी। प्रतिदिन कुछ नया सीखने, समझने, जानने की उत्सुकता। पुराने और नये अपने लोगों को जानने पहचानने की ललक थी। हालाँकि हमारे समाज के कुछ सदस्यों को कोरोना संक्रमण हुआ भी था, लेकिन उन सभी ने अपने ऊपर नकारात्मकता को हावी नहीं होने दिया, वे सब व्यस्त रहे सकारात्मक रहे इसलिए अतिशीघ्र स्वस्थ हो गये।

इस प्रश्नमाला की चर्चा जब अखिल भारतीय पल्लीवाल महासभा के भूतपूर्व महामंत्री श्रीमान अशोक जैन साहब (जयपुर) तक पहुँची तो उन्होंने इसकी बहुत प्रशंसा की एवं इसे राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित करने का भी प्रस्ताव दिया।

लॉकडाउन में हमारा समय कितना अच्छा निकला इसका अंदाज आप सभी लगा सकते हैं। ना किसी को कोरोना का डर, ना ही चिंता, सब लोग अपने धर्म की बारीकियों को सीख रहे थे, अपने ज्ञान में निरन्तर वृद्धि कर रहे थे, इसके माध्यम से प्रभु की आराधना भी कर रहे थे। अजमेर समाज शाखा का आप सभी शाखाओं से यही अनुरोध है इस तरह के विपत्ति काल में विचलित ना हों, अपने यहां भी इस तरह के कार्यक्रम चलाएं एवं घर बैठे ही उत्सव मनाएं। सभी को इस कार्यक्रम में जुड़ने के लिये प्रेरित करें जिससे कि सभी के विचारों में सकारात्मकता आए, सब स्वस्थ रहें, खुशहाल रहें एवं हमारा सकल जैन समाज अन्य वर्गों के लिये एक उदाहरण बने।

-हेमंत कुमार जैन
केसरगंज, अजमेर

प्रभु नाम से कल्याण

एक बार एक पुत्र अपने पिता से रूठ कर घर छोड़ कर दूर चला गया और फिर इधर-उधर यूँही भटकता रहा।

दिन बीते, महीने बीते और साल बीत गए।

एक दिन वह बीमार पड़ गया। अपनी झोपडी में अकेले पड़े उसे अपने पिता के प्रेम की याद आई कि कैसे उसके पिता उसके बीमार होने पर उसकी सेवा किया करते थे। उसे बीमारी में इतना प्रेम मिलता था कि वो स्वयं ही शीघ्र अति शीघ्र ठीक हो जाता था। उसे फिर एहसास हुआ कि उसने घर छोड़ कर बहुत बड़ी गलती की है, वो रात के अँधेरे में ही घर की ओर हो लिया।

जब घर के नजदीक गया तो उसने देखा आधी रात के बाद भी दरवाज़ा खुला हुआ है। अनहोनी के डर से वो तुरंत भाग कर अंदर गया तो उसने पाया की आंगन में उसके पिता लेटे हुए हैं। उसे देखते ही उन्होंने उसका बांहे फैला कर स्वागत किया। पुत्र की आँखों में आंसू आ गए।

उसने पिता से पूछा, 'ये घर का दरवाज़ा खुला है, क्या आपको आभास था कि मैं आऊंगा?' पिता ने उत्तर दिया, 'अरे पगले ये दरवाजा उस दिन से बंद ही नहीं हुआ जिस दिन से तू गया है, मैं सोचता था कि पता नहीं तू कब आ जाये और कहीं ऐसा न हो कि दरवाज़ा बंद देख कर तू वापिस लौट जाये।'

ठीक यही स्थिति उस परमपिता परमात्मा की है, उसने भी प्रेमवश अपने भक्तों के लिए द्वार खुले रख छोड़े हैं कि पता नहीं कब भटकी हुई कोई संतान उसकी ओर लौट आए।

हमें भी आवश्यकता है सिर्फ इतनी कि उसके प्रेम को समझे और उसकी ओर बढ़ चलें।

कई बार छोटे छोटे प्रसंग ही जीवन की राह बदल देते हैं।

अहंकार की पगड़ी

अहंकार का नशा तो दशा और दिशा दोनों को ही बिगाडता है। यह नशा इतना प्रभाव की जड़े जमा लेता है कि सारी जिन्दगी नहीं उतरता। इतना ही नहीं बल्कि अहंकारी जीवन को भी बर्बादी पर तुल जाता है। यह तो अफीम से भी ज्यादा बुरा नशा है। अहंकारी जीव अर्थात् अहंकारी मनुष्य स्वयं विनाश को जाता है। परिवार जन को भयामय बना देता है। तथा कभी-कभी ऐसी रहस्यममय नाट्य कला रच देता है जिससे समाज जन-परिवारजन- अहंकारी सभी को नाटक का पात्र बन कर भुगतना पड़ता है। और स्वयं नफरत का तौहफा बन कर भटकता रहता है।

अहंकार अकड़ है, क्रोधरूपी मणियों की माला को सदैव अपने पास रखता है। क्रौध मूर्खता से आरम्भ होता है और पश्चाताप पर समाप्त। कहते हैं अहंकार - आसक्ति- असंयम ये तीनों ही नर्क का द्वार है। अहंकारी जीव कभी भी आनन्द नहीं पा सकता। क्रौध तो उसके चेहरे की खुशबू को दर्शाता ही रहता है। चेहरे पर सरवटे - लाल-लाल आँखे, टेड़ी मेढ़ी भौहें। मुख बदबू का द्वार, मस्तक पर जलती हुई सिगरी, हाथ कटीले झाड़, पैरों की विचित्रता जैसे झूलती हुई डगमगाती हुई दुर्बल पेड़ की डाली। यही तो है अहंकारी पगड़ी।

यह कटुसत्य है कि क्रोध आपका ऐसा हुनर है जिसमें फंसते भी आप ही हैं। उलझते भी आप हैं, पछताते भी आप हैं और भुगतते भी आप हैं अहंकारी व्यक्ति की कमर झुक जायेगी किन्तु सिर नहीं झुक पाता। कहावत है अहंकार क्रौध का आसन सिर पर ही होता है। ऐसे जीवन नरक गामी होते हैं, नरक का द्वार सदैव उनके लिए खुल्ला रहता है।

याद रखिए शरीर शमशान की धरोहर है। वहां देर सवेरे सभी को विश्राम करना है। लेकिन मन विश्राम नहीं लेने देता है वह तो उड़ान भरता ही रहता है कि क्रोधी व्यक्ति अपनी जिन्दगी के आयने के दर्पण में नहीं देखता। इसी दर्पण में ही तो आचार-विचार-कार्य प्रणाली व्यवहार, भाषा - सद्गुण आदि दिखाई देते हैं।

बन्धुओं सुख बाजार से नहीं खरीदा जा सकता। दुःख बेचा नहीं जाता। और कोई किसी को सुख-शांति भेंट में भी नहीं दे सकता। अहंकार अपने ऊपर स्वयं ही दुख को नौछावर कर दूसरों को भी दुख की परिधि में बांध देता है। अहंकार - क्रोध ऐसे अणु हें परमाणु हें ये बिना बुलाए अथिति है जो दिल का द्वार खटखटाते रहते हैं और आ बैठते हें मस्तक रूपी झरोखे में। यह न घर देखता है न ही मंदिर का आंगन। हर जगह अपना चमत्कार दर्शाता रहता है।

अहंकारी पगड़ी में दो सितारे चमकते हुए दिखाई देंगे- वे हैं मैं मैं मैं मेरी पूंछ तथा मैं मैं मैं मेरी मूंछ बस यही है जिन्दगी का मेला, इसी मेले में मेरी पूंछ रहनी चाहिए मेरी मूंछ रहनी चाहिये। यहां अहंकारी पगड़ी आधि-व्याधि-उपाधि आदि रोगों को आमंत्रित कर अपनी झोली में डाल रही है लेकिन पूंछ और मूंछ की चिन्ता सता रही है। इनकी चमक फीकी न हो। यही तो हैं जीवन के मेले का खेल। पूंछ और मूंछ ये युद्ध क्षेत्र के द्वारापाल है। पूंछ और मूंछ दिन प्रति दिन लम्बी हो रही है। यही तो जड़ है ईर्ष्या और द्वेष की।

भय-चिंता-क्रोध-लोभ-योग-उपयोग-रोग-शोक-मोह ये नौ चीजें है मनुष्य के अन्दर ये जीवन को प्रभावित करती रहती हैं।

अतः बन्धुओं ''क्रोध रूपी अग्नि की लपटों की चिंगारियां विस्फोटक से भी ज्यादा खतरनाक होती हैं। यही क्रोध या अहंकार की ज्वाला कभी कभी इतनी वेग गति से फुंकारती हैं कि मनुष्य जैसे अनमोल जीव को राख के ढेरीमें बदल देती हैं। ऐसे हैं क्रोधी जीव के परमाणु तो ध्यान रख पाप मनुष्य का परछाई की तरह पीछा करता है जीवन प्रभु का प्रसाद है और बैठ जा प्रभु के चरणों में। भक्ति रस का प्याला पी फिर देख जीवन में उजाला ही उजाला है सद्भक्ति से ही अहंकार क्षीण होता है।

-छगनलाल जैन (हरसाना वाले)
सेनि. अध्यापक

कहानी

यह मेरी मां हैं

एक प्राथमिक स्कूल में अंजलि नाम की एक शिक्षिका थीं वह कक्षा 5 की क्लास टीचर थीं, उनकी एक आदत थी कि वह कक्षा में आते ही हमेशा 'लव यू ऑल'' बोला करती थीं। मगर वह जानती थीं कि वह सच नहीं बोल रही। वह कक्षा के सभी बच्चों से एक जैसा प्यार नहीं करती थीं।

कक्षा में एक ऐसा बच्चा था जो उनको फूटी आंख भी नहीं भाता था। उसका नाम राजू था। राजू मैली-कुचैली स्थिति में स्कूल आ जाया करता है। उसके बाल खराब होते, जूतों के बन्ध खुले, शर्ट के कॉलर पर मेल के निशान। पढ़ाई के दौरान भी उसका ध्यान कहीं और होता था। मैडम के डाँटने पर वह चौंक कर उन्हें देखता, मगर उसकी खाली-खाली नज़रों से साफ पता लगता कि राजू शारीरिक रूप से कक्षा में उपस्थित होने के बावजूद भी मानसिक रूप से गायब है यानी (प्रजेंट बाडी अपसेटं माइड)। धीरे-धीरे मैडम को राजू से नफरत सी होने लगी। क्लास में घुसते ही राजू मैडम की आलोचना का निशाना बनने लगता। सब बुराई के उदाहरण राजू के नाम पर किये जाते। बच्चे उस पर खिलखिला कर हंसते और मैडम उसको अपमानित कर के संतोष प्राप्त करतीं। हालांकि राजू किसी बात का कभी कोई जवाब नहीं दिया था।

मैडम को वह एक बेजान पत्थर की तरह लगता जिसके अंदर आत्मा नाम की कोई चीज नहीं थी। प्रत्येक डांट, व्यंग्य और सजा के जवाब में वह बस अपनी भावनाओं से खाली नज़रों से उन्हें देखा करता और सिर झुका लेता। मैडम को अब इससे गंभीर नफरत हो चुकी थी।

पहला सेमेस्टर समाप्त हो गया और प्रोग्रेस रिपोर्ट बनाने का चरण आया तो मैडम ने राजू की प्रगति रिपोर्ट में यह सब बुरी बातें लिख मारी। प्रगति रिपोर्ट माता-पिता को दिखाने से पहले हेड मास्टर के पास जाया करती थी। उन्होंने जब राजू की प्रोग्रेस रिपोर्ट देखी तो मैडम को बुला लिया। 'मैडम प्रगति रिपोर्ट में कुछ तो राजू की प्रगति भी लिखनी चाहिए। आपने तो जो कुछ लिखा है, उससे तो राजू के पिता बिल्कुल निराश हो जाएंगे।' मैडम ने कहा, 'मैं माफी माँगती हूँ, लेकिन राजू एक बिल्कुल ही अशिष्ट और निकम्मा बच्चा है। मुझे नहीं लगता कि मैं उसकी प्रगति के बारे में कुछ लिख सकती हूँ।' मैडम घृणित लहजे में बोलकर वहां से उठ कर चली गई, स्कूल की छुट्टी हो गई आज तो।

अगले दिन हेड मास्टर ने एक विचार किया और उन्होंने चपरासी के हाथ मैडम की डेस्क पर राजू की पिछले वर्षों की प्रगति रिपोर्ट रखवा दी। अगले दिन मैडम ने कक्षा में प्रवेश किया तो रिपोर्ट पर नजर पड़ी। पलट कर देखा तो पता लगा कि यह राजू की रिपोर्ट हैं। मैडम ने सोचा कि पिछली कक्षाओं में भी राजू ने निश्चय ही यही गुल खिलाए होंगे। उन्होंने सोचा और कक्षा 3 की रिपोर्ट खोली। रिपोर्ट में टिप्पणी पढ़कर उनकी आश्चर्य की कोई सीमा न रही जब उन्होंने देखा कि रिपोर्ट उसकी तारीफों से भरी पड़ी है। 'राजू जैसा बुद्धिमान बच्चा मैंने आज तक नहीं देखा। बेहद संवेदनशील बच्चा है और अपने मित्रों और शिक्षक से बेहद लगाव रखता है।' यह लिखा था.....

अंतिम सेमेस्टर में भी राजू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर लिया है। मैडम ने अनिश्चित स्थिति में कक्षा 4 की रिपोर्ट खोली। 'राजू ने अपनी मां की बीमारी का बेहद प्रभाव लिया। उसका ध्यान पढ़ाई से हट रहा है। राजू की माँ को अंतिम चरण का कैंसर हुआ है। घर पर उसका और कोई ध्यान रखने वाला नहीं है, जिसका गहरा प्रभाव उसकी पढ़ाई पर पड़ा है।' लिखा था....

नीचे हैड मास्टर ने लिखा, 'राजू की माँ मर चुकी है और इसके साथ ही राजू के जीवन की चमक और रौनक भी। उसे बचाना होगा... इससे पहले कि बहुत देर हो जाए।' यह पढ़कर मैडम के दिमाग पर भयानक बोझ हावी हो गया। कांपते हाथों से उन्होंने प्रगति रिपोर्ट बंद की। मैडम की आंखों से आंसू एक के बाद एक गिरने लगे। मैडम ने अपने आंसू पोंछे।

अगले दिन जब मैडम कक्षा में दाखिल हुईं तो उन्होंने अपनी आदत के अनुसार अपना पारंपरिक वाक्यांश 'लव यू ऑल' दोहराया। मगर वह जानती थीं कि वह आज भी झूठ बोल रही हैं। क्योंकि इसी क्लास में बैठे एक उलझे बालों वाले बच्चे राजू के लिए जो प्यार वह आज अपने दिल में महसूस कर रही थीं... वह कक्षा में बैठे और किसी भी बच्चे से अधिक था। पढ़ाई के दौरान उन्होंने रोजाना दिनचर्या की तरह एक सवाल राजू पर दागा और हमेशा की तरह राजू ने सिर झुका लिया। जब कुछ देर तक मैडम से कोई डांट-फटकार और सहपाठी

सहयोगियों से हंसी की आवाज उसके कानों में न पड़ी तो उसने अचंभे में सिर उठाकर मैडम की ओर देखा। अप्रत्याशित उनके माथे पर आज बल न थे, वह मुस्कुरा रही थीं। उन्होंने राजू को अपने पास बुलाया और उसे सवाल का जवाब बताकर जबरन दोहराने के लिए कहा। राजू तीन-चार बार के आग्रह के बाद अंततः बोल ही पड़ा। इसके जवाब देते ही मैडम ने न सिर्फ खुद खुशान्दाज़ होकर तालियाँ बजाई बल्कि सभी बच्चो से भी बजवायी।

फिर तो यह दिनचर्या बन गयी। मैडम हर सवाल का जवाब अपने आप बताती और फिर उसकी खूब सराहना तारीफ करतीं। प्रत्येक अच्छा उदाहरण राजू के कारण दिया जाने लगा। धीरे-धीरे पुराना राजू सन्नाटे की कब्र फाड़ कर बाहर आ गया। अब मैडम को सवाल के साथ जवाब बताने की जरूरत नहीं पड़ती। वह रोज बिना त्रुटि उत्तर देकर सभी को प्रभावित करता और नये नए सवाल पूछ कर सबको हैरान भी करता। उसके बाल अब कुछ हद तक सुधरे हुए होते, कपड़े भी काफी हद तक साफ होते जिन्हें शायद वह खुद धोने लगा था। देखते ही देखते साल समाप्त हो गया और राजू ने दूसरा स्थान हासिल कर कक्षा 5वीं पास कर ली यानी अब दुसरी जगह स्कूल मे दाखिले के लिए तैयार था।

कक्षा 5वीं के विदाई समारोह में सभी बच्चे मैडम के लिये सुंदर उपहार लेकर आए और मैडम की टेबल पर ढेर लग गया। इन खूबसूरती से पैक हुए उपहारो में एक पुराने अखबार में बदतर सलीके से पैक हुआ एक उपहार भी पड़ा था। बच्चे उसे देखकर हंस रहे थे। किसी को जानने में देर न लगी कि यह उपहार राजू लाया होगा। मैडम ने उपहार के इस छोटे से पहाड़ में से लपक कर राजू वाले उपहार को निकाला। खोलकर देखा तो उसके अंदर एक महिलाओं द्वारा इस्तेमाल करने वाली इत्र की आधी इस्तेमाल की हुई शीशी और एक हाथ में पहनने वाला एक बड़ा सा कड़ा कंगन था जिसके ज्यादातर मोती झड़ चुके थे। मिस ने चुपचाप इस इत्र को खुद पर छिड़का और हाथ में कंगन पहन लिया। बच्चे यह दृश्य देखकर सब हैरान रह गए। खुद राजू भी। आखिर राजू से रहा न गया और मिस के पास आकर खड़ा हो गया। कुछ देर बाद उसने अटक-अटक कर मैडम को बोला, 'आज आप में से मेरी माँ जैसी खुशबू आ रही है।' इतना सुनकर मैडम के आँखों मे आसूं आ गये ओर मैडम ने राजू को अपने गले से लगा लिया।

राजू अब दुसरी स्कूल में जाने वाला था। राजू ने दुसरी जगह स्कूल में दाखिले ले लिया था। समय बितने लगा। दिन सप्ताह, सप्ताह महीने और महीने साल में बदलते भला कहां देर लगती है? मगर हर साल के अंत में मैडम को राजू से एक पत्र नियमित रूप से प्राप्त होता जिसमें लिखा होता कि 'इस साल कई नए टीचर्स से मिला।। मगर आप जैसा मैडम कोई नहीं था।'

फिर राजू की पढ़ाई समाप्त हो गई और पत्रों का सिलसिला भी समाप्त। कई साल आगे गुज़रे और मैडम रिटायर हो गईं।

एक दिन मैडम को राजू का पत्र मिला जिसमें लिखा था- 'इस महीने के अंत में मेरी शादी है और आपके बिना शादी की बात मैं सोच भी नहीं सकता। एक और बात... मैं जीवन में बहुत सारे लोगों से मिल चुका हूं। आप जैसा कोई नहीं है.... आपका डॉक्टर राजू।

पत्र में साथ ही विमान का आने-जाने का टिकट भी लिफाफे में मौजूद था।

मैडम खुद को हरगिज़ न रोक सकी। उन्होंने अपने पति से अनुमति ली और वह राजू के शहर के लिए रवाना हो गईं। शादी के दिन जब वह शादी की जगह पहुंची तो थोड़ी लेट हो चुकी थीं। उन्हें लगा समारोह समाप्त हो चुका होगा.. मगर यह देखकर उनके आश्चर्य की सीमा न रही कि शहर के बड़े डॉक्टर, बिजनेसमैन और यहां तक कि वहां पर शादी कराने वाले पंडितजी भी थक गये थे कि आखिर कौन आना बाकी है... मगर राजू समारोह में शादी के मंडप के बजाय गेट की तरफ टकटकी लगाए उनके आने का इंतजार कर रहा था। फिर सबने देखा कि जैसे ही एक बुड्ढी औरत ने गेट से प्रवेश किया राजू उनकी ओर लपका और उनका वह हाथ पकड़ा जिसमें उन्होंने अब तक वह कड़ा पहना हुआ था और उन्हें सीधा मंच पर ले गया। राजू ने माइक हाथ में पकड़ कर कुछ यूं बोला, 'दोस्तों आप सभी हमेशा मुझसे मेरी माँ के बारे में पूछा करते थे और मैं आप सबसे वादा किया करता था कि जल्द ही आप सबको उनसे मिलाउंगा, ध्यान से देखो... यह, यह मेरी प्यारी-सी माँ... दुनिया की सबसे अच्छी हैं यह मेरी माँ... यह मेरी माँ हैं।'

इस सुंदर कहानी को सिर्फ शिक्षक और शिष्य के रिश्ते के कारण ही मत सोचिएगा। अपने आस-पास देखें, राजू जैसे कई फूल मुरझा रहे हैं जिन्हें आप का जरा सा ध्यान, प्यार और स्नेह नया जीवन दे सकता है.... !!

संकलन : चन्द्रशेखर जैन

अभी सावधानी बरतनी होगी

रोने से किसी को पाया नहीं जा सकता।
खोने से किसी को भुलाया नहीं जा सकता।।

इस वर्ष अप्रैल व मई में महामारी की भयावह स्थिति ने हमारे सैंकडों स्वजनों को असमय अचानक हम सबसे छीन लिया, जिसके दर्द को समाज व उनके परिजन अभी तक भूल नहीं पाये हैं। वक्त के सामने सारे प्रयास असफल ही दिखे। केवल संवेदनाएँ शेष रहीं और नियति के आगे असहाय बने रहे।

बन्धुओं! वर्षावास/चातुर्मास आरम्भ होने जा रहा है। जगह-जगह साधु-साध्वियों के नगर प्रवेश हो रहे हैं। सार्वजनिक धार्मिक उन्माद जागने लगा है। लेकिन महामारी के प्रति अभी भी सावधान रहना होगा। भीड़ में अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। अपने परिवार की सुरक्षा हम सबका पहला कर्तव्य है।

चातुर्मास समितियों को भी इस ओर विशेष रूप से सजग रहना है। सुरक्षा के यथासम्भव आवश्यक संसाधनों की उपयोगिता के साथ कार्यक्रमों का संचालन हो, यह सुनिश्चित करना होगा। प्रवचन हॉल में भी निश्चित दूरी पर बैठने की व्यवस्था हो। भोजन व्यवस्था, पारणा व्यवस्था, पेयजल आदि की व्यवस्था इस प्रकार से हो कि शारीरिक दूरी व सुरक्षा का समुचित पालन हो सके। प्राथमिक उपचार की सुविधा भी चातुर्मास स्थलों पर रखना आवश्यक है। पूज्य साधु-साध्वियों को भी इस ओर ध्यान देना होगा। उनकी प्रेरणा का श्रावक श्राविकाओं के ऊपर सीधा सीधा प्रभाव पडता है।

अन्य समाजों की अपेक्षा हमारे समाज में तप-त्याग पर विशेष जोर दिया जाता है। साधु-साध्वियाँ भी श्रावक श्राविकाओं को बड़े-बड़े व कठोर तप करने के लिए प्रेरित करते हैं परन्तु यह सब करने और कराने से पहले यह ध्यान रखना होगा कि शरीर का स्वस्थ रहना व टिके रहना जरूरी है, क्योंकि जब साधन ही नहीं होगा तो साधा किससे जायेगा? इसलिए स्वस्थ तन और स्वस्थ मन धर्माराधना के लिए पहली जरूरत है। इस बार की कोविड लहर में देखा गया कि लोग शारीरिक रूप से स्वस्थ होकर भी अपने आस-पास के लोगों के चले जाने का समाचार सुन-सुनकर मानसिक रूप से कमजोर हो गये और एक भय का माहौल बन गया। लोग डर के साये में जीने लगे। 'विकट परिस्थितियों में मन को मजबूत कैसे किया जाये?' 'परिवार व समाज में परस्पर सहयोग-सेवा की भावना कैसे बढे?' आदि-आदि। इस प्रकार के विषयों पर प्रवचनों में अधिक जोर रहे तो यह चातुर्मास हम सबके लिए सारगर्भित बन सकता है, संजीवनी बन सकता है।

बन्धुओं, भक्ति आराधना करो, मगर बेहोश होकर नहीं, होश में रहकर करो। आवागमन करो, मगर बेसुध होकर नहीं, सावधानी पूर्वक करो। हम सुरक्षित तो हमारा धर्म-समाज सुरक्षित, हमारा धर्म-समाज सुरक्षित तो हम सुरक्षित। बशर्ते अभी सावधानी बरतनी होगी। हमसे बिछुड़े सभी साधर्मिकों के लिए पुनः हृदय से सादर श्रद्धांजलि समर्पित है।

-वीरेन्द्र जैन कर्मयोगी
सम्पादक-श्वे. पल्लीवाल जैन संदेश
बरगमाँ, हिण्डौन सिटी

आत्मबोध की साधना

दूसरों की अच्छाइयों को खोजने, उनको देख-देखकर प्रसन्न होने और उनकी सराहना करने का स्वभाव यदि अपने अंदर विकसित कर लिया जाये तो आज दोष-दर्शन के कारण जो संसार, जो वस्तु और जो व्यक्ति हमें काँटे की तरह चुभते हैं वे फूल की तरह प्यारे लगने लगेंगे। जिस दिन यह दुनिया हमें प्यारी लगने लगेगी, इसमें दोष-दुर्गुण कम दिखाई देंगे, उस दिन हमारे हृदय से द्वेष एवं घृणा का भाव निकल जायेगा और हम हर दिशा और हर वातावरण में प्रसन्न रहने लगेंगे। दुःख-क्लेश और क्षोभ-रोष का कोई कारण ही शेष न रह जाएगा।

अपने व्यक्तित्व को सीमित करने का नाम स्वार्थ और विकसित करने का नाम परमार्थ है। सीमित प्राण दुर्बल होता है, पर जैसे-जैसे उसका अहम् विस्तृत होता जाता है, वैसे ही आंतरिक बलिष्ठता बढ़ती चली जाती है। प्राण शक्ति का विस्तार सुख-दुःख की अपनी छोटी परिधि में केन्द्रित कर लेने से रूक जाता है, पर यदि उसे असीम बनाया जाय और स्वार्थ को परमार्थ में परिणत कर दिया जाय तो इसका प्रभाव यश, सम्मान, सहयोग के रूप में बाहर से तो मिलता ही है, भीतर की स्थिति भी द्रुत गति से परिष्कृत होती है।

हम जितने कुशल विचार शिल्पी होंगे, हमारी आत्मा का निर्माण उतना ही सुन्दर और स्थायी होगा। अपनी आत्मा का साक्षात्कार भी हम विचारों के द्वारा ही कर सकते हैं। विचारों के आदर्श में ही आत्मा का रूप प्रतिबिम्बित होता है और विचार चक्षुओं से ही उसके दर्शन किये जा सकते हैं। विचार जितने उज्ज्वल और पवित्र होंगे, आत्मा का प्रतिबिम्ब उतना ही स्वच्छ और स्पष्ट दृष्टिगोचर होगा।

नवमीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन

स्व. श्रीमती माया देवी जी जैन

जन्मतिथि : 06.03.1949 *स्वर्गवास : 13.7.2012*

आपका स्नेह, सद्व्यवहार, धर्मपरायणता, सेवा भावना एवं प्रेरणादयक चरित्र
सदैव हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा।
हम सभी आपको शत् शत् नमन करते हुये अश्रुपूरित श्रद्धान्जलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत

श्री सुमेर चन्द जैन (पति)
(पूर्व पार्षद) कालवाडी वाले
मो. 9414711621

पुत्र-पुत्रवधु :
विनोद जैन-सुषमा जैन
राजेश जैन-रेनू जैन
संजय जैन

पौत्र :
तन्मय जैन, गर्भित जैन

जेठ-जिठानी :
राधेश्याम जैन-रामकली जैन

भतीजा-भतीजा बहू :
श्रीचन्द जैन-उषा जैन

पुत्री-दामाद :
रेखा जैन-राजेन्द्र जैन
सीमा जैन-भानुप्रकाश जैन

धेवते-धेवती :
राशिका, प्रिंस, अनुष्का,
वंशिका, हितांश

प्रतिष्ठान :
आदिनाथ खाद बीज भण्डार, खेरली - 9214965126
आदिनाथ मैडिकल ऐजेन्सी, खेरली - 9252142897
विनोद कुमार संजय कुमार, खेरली- 9252225567

निवास
वार्ड नं० 2, जैन कॉलोनी, खेरली (अलवर) राज.

प्रथम पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि

स्व. श्री पंकज कुमार जी जैन
(एडवोकेट)

(8 नबम्बर 1977 - 29 जुलाई 2020)

वक्त के साथ जख्म तो भर जायेंगे,
मगर जो बिछड़े सफर जिन्दगी में,
फिर ना कभी लौट कर आयेंगे।

हम सब परिजन आपके प्रेरणादायक जीवन व आदर्शों को
हृदयस्थ रखते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं

श्रद्धावनत

तारा देवी-शिखर चन्द जैन *(माता-पिता)*
शालू जैन *(पत्नी)*
आन्या (पीहू) जैन *(पुत्री)*
इंद्रा देवी-घासी लाल जैन *(नानी-नाना)*

भाई-भाभी :
संजय कुमार जैन-श्वेता जैन
अनुज-अनुज वधु :
शैलेश कुमार जैन-दीपा जैन
बहिन-बहनोई :
आरती-अजय जैन *(जयपुर)*

भतीजी, भतीजे : मुस्कान ,शौर्य, काव्य, दर्श
भानजे, भानजी : अर्पण, अनुष्का

ससुराल पक्ष :
सास-ससुर :
उर्मिला-प्रह्लाद कुमार जैन
साला-सरहेज :
आशीष जैन-प्रतीक्षा जैन
ज्योति नगर आगरा

निवास

368, सेक्टर-5, आवास विकास कॉलोनी, बोदला, आगरा
मो.: 9897433822, 9568340024

भावभीनी श्रद्धांजलि

स्व. श्री दिनेश चन्द जी जैन
(स्वर्गवास : 07.08.2014)

स्व. श्रीमती कमलेश जी जैन
(स्वर्गवास : 29.06.2019)

हम सभी परिवारजन आपको शत् शत् नमन एवं स्मरण करते हुए अश्रुपूरित श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धांजलि

पुत्र-पुत्रवधु :
प्रशान्त जैन-पिंकी जैन
शेलेष जैन-साधना जैन

पौत्र-पौत्री :
रूचिर जैन, भव्य जैन
शुभांगी जैन व आद्या जैन

बहन-बहनोई :
नवीन चन्द जैन (जयपुर)
शकुन्तला जैन-विनोद कुमार जैन (दिल्ली)
सपना जैन-शैलेन्द्र कुमार जैन (दिल्ली)

'रामा' 40, रेलवे गृह निर्माण समिति, माला रोड, कोटा जंक्शन, कोटा
मो.: 9667319794, 9929818100, 9414242314

तृतीय पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि



स्व. श्री पदम चन्द जी जैन

(जन्म : 02-09-1934) *(स्वर्गवास : 06-07-2018)*

हम सभी परिवारजन सादर श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।
आपका स्नेह, सद्व्यवहार, सेवा भावना एवं प्रेरणादायक चरित्र
हमारा सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा।

श्रद्धांजलि

ललिता जैन *(धर्मपत्नी)*

पुत्र-पुत्रवधु :
अनिल कुमार जैन (रेलवे)-निशा जैन
पौत्र-पौत्रवधु :
सीए कुशल जैन-सीए मोनिका जैन
सी.ए. धवल जैन
पड़पौत्र :
रेयांश जैन

भाई-भाभी :
महावीर प्रसाद-अंगूरी देवी
सुरेश चन्द-शारदा देवी
सुशीला देवी, रामदेई

पुत्री-दामाद :
कमलेश-पारस जी
मिथलेश-केशव जी
पुनिता-अनिल जी
ममता-मुकेश जी
कविता-सन्तोष जी

निवास :
ए-109, वैशाली नगर, जयपुर, मो.: 9314653717, 9001199117
फर्म :
जैन फ्लोर मिल एवं मसाला उद्योग, वैशाली नगर, जयपुर

विधवा सहायता

★ **श्री रमेश चन्द जी जैन एवं श्री पंकज जी जैन,** 12-रेलवे रोड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली-110077 ने विधवा सहायता हेतु रु. 7,000/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4991)*

★ **श्री रमेश चन्द जी जैन एवं श्री पंकज जी जैन,** 12-रेलवे रोड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली-110077 ने विधवा सहायता हेतु रु. 4,000/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4992)*

★ **श्री मुकुल जी जैन,** पुत्र श्री वी.के. जैन, बी-67, अशोक विहार, अलवर ने विधवा सहायता हेतु रु. 12,000/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4993)*

★ **श्री बाबूलाल जी जैन** (नौगांवा वाले), आर.जेड.-7ए/2, गली नं. 3, पूरन नगर, पालम गांव ने अपनी धर्मपत्नी स्व. श्रीमती लक्ष्मी जी जैन की पुण्य स्मृति में विधवा सहायता हेतु रु. 6,000/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4994)*

★ **श्री अमीर चन्द जी जैन** (से.नि. आर.ए.एस.), नहर रोड, गंगापुर सिटी ने अपनी प्रपौत्री सौ.कां. रुपल जैन सुपुत्री श्रीमती सीमा जैन एवं श्री पवन कुमार जैन का शुभ विवाह चि. शुभम जैन सुपुत्र श्रीमती सुनीता एवं श्री दिनेश चन्द जैन दांतिया वाले हाल निवासी कोटा के साथ दिनांक 18.07.2021 को सआनन्द सम्पन्न होने के उपलक्ष्य में विधवा सहायता हेतु रु. 12,000/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4914)*

★ **श्री अनिल जी जैन, नरेन्द्र जी जैन, सुनील जी जैन,** जी-4, मंगलायतन जैन मन्दिर के पास, कोटा जंक्शन, कोटा ने अपनी पूज्य माताजी स्व. श्रीमती सावित्री देवी जी जैन की तृतीय पुण्य तिथि पर विधवा सहायता हेतु रु. 1,100/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4913)*

★ **सुरभि जी जैन,** 503, रॉयल एम्पायर, टी-37, लोखण्डवाला सर्किट के पास, अंधेरी (प.) मुम्बई-400054 ने विधवा सहायता हेतु रु. 12,000/- सप्रेम भेंट किए। *(र.सं. 4916)*

महासभा सहायता

★ **श्री अनूप चन्द जी जैन,** निवासी 68, सैक्टर 1, बोदला, आगरा ने अपने सुपुत्र चि. मोहित संग सौ.कां. सुची सुपुत्री स्व. श्री जिनेन्द्र कुमार जैन, कमला नगर, आगरा के दिनांक 15 जुलाई 2021 को सम्पन्न शुभ विवाह के अवसर पर रु. 1100/- महासभा को भेंट किए। *(र.सं. 4995)*

★ **श्री दिनेश चन्द जी रजत कुमार जैन,** दांतिया वाले हाल निवासी कोटा ने अपने सुपुत्र चि. शुभम जैन संग सौ.कां. रूपल जैन सुपुत्री श्री पवन कुमार जैन, गंगापुर सिटी हाल निवासी जयपुर के दिनांक 18 जुलाई 2021 को सम्पन्न शुभ विवाह के अवसर पर रु. 500/- महासभा को भेंट किए। *(र.सं. 4915)*

पत्रिका सहायता

★ **श्री अनूप चन्द जी जैन,** निवासी 68, सैक्टर 1, बोदला, आगरा ने अपने सुपुत्र चि. मोहित संग सौ.कां. सुची सुपुत्री स्व. श्री जिनेन्द्र कुमार जैन, कमला नगर, आगरा के दिनांक 15 जुलाई 2021 को सम्पन्न शुभ विवाह के अवसर पर रु. 500/- पत्रिका को भेंट किए। *(र.सं. डी-2574)*

★ **श्री दिनेश चन्द जी रजत कुमार जैन,** दांतिया वाले हाल निवासी कोटा ने अपने सुपुत्र चि. शुभम जैन संग सौ.कां. रूपल जैन सुपुत्री श्री पवन कुमार जैन, गंगापुर सिटी हाल निवासी जयपुर के दिनांक 18 जुलाई 2021 को सम्पन्न शुभ विवाह के अवसर पर रु. 500/- पत्रिका को भेंट किए। *(र.सं. डी-2575)*

★ **श्री रवि जी जैन एवं श्री राकेश जी जैन,** 204, अशोका टॉवर, डैंपियर नगर, मथुरा ने अपने पूज्य पिताजी श्री त्रिलोक चन्द जी जैन के दिनांक 15.05.2021 को देवलोक गमन उनकी पुण्य स्मृति में रु. 1100/- पत्रिका को भेंट किए। *(र.सं. डी-2571)*

पत्रिका सदस्यता

3122. Sh. Rajendra Ji Jain, Jain Electrical, Jain Katla Main Market, Village Gudhachandra Ji, Teh. Nadoti, Dist. Karauli-322213, Mob.: 9462626591 *(CR D-2538)*

3123. Sh. Deepak Ji Jain, 14, Ganga Path, Suraj Nagar (West), Civil Lines, Jaipur-302006 *(CR D-2545)*

3124. Sh. Shashi Kumar Ji Jain, 5, Krishna Vihar, Near Shiv Baba Dham, Renuka Bagh, Karmyogi Kamla Nagar, Agra, Mob.: 9837437746 *(CR D-2510)*

शाखा मुंबई

नवकार मंत्र का अखंड पाठ

20 जून 2021 को शाखा मुम्बई द्वारा 8 घंटे का अखंड नवकार मंत्र के पाठ का आयोजन गूगल-मीट द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम का संचालन शाखा के अर्थमंत्री श्री रवि प्रकाश जी ने किया। कार्यक्रम में 4 गणमान्य विशिष्ठ अतिथि - महासभा के भूतपूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमान सुमत प्रकाश जी, वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमान आर.सी. जैन साहब, भूतपूर्व राष्ट्रीय महामंत्री श्री अशोक कुमार जी व वर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव रतन जी की उपस्थिति विशेष रुप से उत्साहवर्धक व सराहनीय थी।

कार्यक्रम का शुभारम्भ बाल कलाकार सम्यक जैन सुपुत्र मनीष-सुनैना जैन ने की-बोर्ड पर नवकार मंत्र सुना कर किया। संचालक श्री रवि प्रकाश जी ने चारों सम्माननीय अतिथियों का हृदय पूर्वक स्वागत किया। तत्पश्चात शाखा के अध्यक्ष श्री मृगेन्द्र जैन ने भूतपूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुमत प्रकाश जी का संक्षिप्त परिचय दिया एवं श्री सुमत प्रकाश जी ने समाज को संबोधित किया। तत्पश्चात शाखा अध्यक्ष श्री मृगेंद्र जैन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन का संक्षिप्त परिचय दिया एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन ने समाज को संबोधित किया। इसके पश्चात शाखा की महामंत्री शशि पालीवाल जी ने भूतपूर्व राष्ट्रीय महामंत्री श्री अशोक जी का परिचय दिया एवं अशोक जी ने संबोधित किया। महामंत्री शशि पालीवाल जी ने राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव रतन जी का परिचय दिया एवं श्री राजीव रतन जी ने बहुत ही ओजस्वी शब्दों में अपना संबोधन किया।

मुंबई शाखा के भूतपूर्व अध्यक्ष श्रीमान वीरेंद्र जैन साहब के आज जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर पूरे समाज के व अतिथियों द्वारा विशेष धन्यवाद दिया गया। तत्पश्चात् शाखा की कार्यकारिणी सदस्या अपर्णा जैन जी द्वारा जनवरी 21 से जून 21 के मध्य जितने भी शाखा के सदस्यों का जन्मदिन और वैवाहिक वर्षगाँठ पड़ी, उन सभी को समाज की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

चारों विशिष्ट अतिथियों के आगमन पर श्री रवि प्रकाश जी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया व एक सुंदर सी कविता उनके सम्मान में सादर भेंट की गई। शाखा के वरिष्ट सदस्य श्री संतोष जैन साहब ने मंगलाष्टक का पाठ किया व नवकार मंत्र की विधिवत शुरुआत की। नन्हे बाल कलाकार, प्रिशा जैन, आयोना जैन, अर्थ पालीवाल, महिमा जैन व सम्यक जैन ने 9 बार नवकार मंत्र का पाठ करके अखंड नवकार मंत्र पाठ का शुभारम्भ किया। निम्न माननीय सदस्यों ने गूगल मीट पर अपने घरों से पाठ पठन किया :- *प्रीति - दीपक जैन, नीरू जैन (जुहू), कुसुम - राजेंद्र जैन, अपर्णा - पीयूष जैन, शशि - नरेंद्र पालीवाल, संतोष - कीर्ति जैन, सुनीता - नत्थी जी, शीतल चंद पालीवाल रायपुर, शशि - प्रकाश जैन मानखुर्द, नीरा - सुधीर जैन कांदिवली, प्रतिमा - राजेन्द्र जैन, महारानी - वीरेंद्र जैन, शोभा - रवि जैन, आशा - योगेश जैन, सुनीता - मृगेंद्र जैन, शशि - वी.के. जैन वाशी, श्वेता - मनोज जैन।*

उसके पश्चात श्री संतोष जैन ने नवकार मंत्र की महिमा का गुणगान व वर्णन किया। सभी के द्वारा सामूहिक आरती की गई। अंत में, सभी को शाखा के अध्यक्ष श्री मृगेंद्र जैन ने आगंतुक अतिथियों, व सम्पूर्ण समाज को धन्यवाद देते हुए विशेष रूप से श्री रवि प्रकाश जी व उनके उत्कृष्ट संचालन को एवं पूरी टीम को हृदय से धन्यवाद दिया।

शाखा समाचार

शाखा अजमेर

डायरेक्ट्री विमोचन एवं वितरण

शाखा अजमेर की डायरेक्ट्री का विमोचन एवं वितरण का कार्यक्रम मंदिर जी में बड़े ही उल्लास पूर्वक समाज के काफी गणमान्य लोगों के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में कोरोना काल में समाज के दिवंगत सदस्यों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की गई।

श्री रामावतार जी जैन द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात श्रीमान सुशील जैन, श्रीमान अशोक जैन, श्रीमान राकेश पालीवाल, श्रीमान हरीश जैन, श्रीमान भोजराज जैन, श्रीमान रामावतार जैन, श्रीमान नाथूलाल जैन, श्रीमान प्रदीप जैन, श्रीमती सरिता जैन, श्रीमती कृतिका जैन द्वारा डायरेक्ट्री का विमोचन किया गया। इसी श्रंखला में श्रीमान दीपक जैन, श्रीमती सुनिता जैन बालाहेड़ी वाले द्वारा एक बहु उपयोगी फोल्डर का एवं श्रीमान भोजराज जैन, श्रीमती मंजू जैन, श्री अभिषेक जैन द्वारा एक बहुउपयोगी पुस्तक - भक्तामर स्तोत्र एवं आरती संग्रह का भी विमोचन किया गया। तत्पश्चात इस बहुउपयोगी डायरेक्ट्री की परिकल्पना, शोध, एवं संकलनकर्ता श्री प्रमोद जैन, श्री सुबोध जैन, श्री हेमंत जैन (पालीवाल पाईप फिटिंग, अजमेर) का मंदिर कमेटी, महासभा कमेटी, महिला मंडल एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मान किया गया एवं इस डायरेक्ट्री को बनाने के लिये आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन बड़े ही खूबसूरत तरीके से श्रीमान सत्येंद्र जैन ने किया।

शाखा फिरोजाबाद

शाखा फिरोजाबाद का चुनाव-2021 श्री प्रमिल कुमार जैन एडवोकेट की अध्यक्षता में छोटी छपेटी मन्दिर में सम्पन्न हुए। वर्ष 2021 से 2024 तक के लिये निम्न पदों का गठन किया गया :-

अध्यक्ष- **श्री संजीव जैन** (डब्बू), जैन नगर खेड़ा

उपाध्यक्ष- **श्री राजीव जैन** (मन्नू), बड़ी छपेटी

महामंत्री- **श्री राजेश जैन** (वीटू), जैन नगर खेड़ा

कोषाध्यक्ष- **श्री संतोष जैन**, जैन नगर खेड़ा

ऑडीटर- **श्री प्रिंस जैन**, विभव नगर

अध्यक्ष :
संजीव जैन (डब्बू)
जैन नगर खेड़ा, फिरोजाबाद

महामंत्री :
राजेश जैन (वीटू)
जैन नगर खेड़ा, फिरोजाबाद

शाखा दिल्ली

शाखा दिल्ली की साधारण सभा की बैठक दिनांक 01 अगस्त 2021 दिन रविवार दोपहर 3:00 बजे खण्डेलवाल सेवा सदन, बसंत रोड, नई दिल्ली पर होगी। बैठक में निम्न लिखित विषयों पर विचार विमर्श होगा :-

(1) पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि

(2) वर्ष 2020/21 की आय-व्यय का लेखा-जोखा

(3) नई कार्यकारिणी का चुनाव श्री पदमचन्द जी जैन मतदान अधिकारी के सानिध्य में होगा। चुनाव के नियमों की जानकारी चुनाव से पूर्व बता दी जाएगी। मतदान अधिकारी का निर्णय अंतिम निर्णय होगा।

(4) अन्य विषय अध्यक्ष जी की अनुमति से।

-विजय जैन
महामंत्री, श्री पल्लीवाल जैन सभा, दिल्ली

कुन्दकुन्द ज्ञानपीठ इन्दौर में

श्वेताम्बर साधू उपाध्याय श्री प्रवीणऋषिजी महाराज का आगमन व सम्मान

उपाध्याय प्रवर श्री प्रवीणऋषिजी महाराज साहब को साहित्य व सन्मतिवाणी भेंट करते हुए डॉ. अनुपम जैन, डॉ. सूरजमल बोबरा, अमित कासलीवाल, प्रो.नरेन्द्र धाकड़, जयसेन जैन व बाहुबली पाण्ड्या

इन्दौर। दिगम्बर जैन समाज के शोध संस्थान कुन्दकुन्द ज्ञानपीठ इन्दौर में श्वेताम्बर साधू उपाध्यायश्री प्रवीणऋषिजी महाराज का आगमन हुआ। उपाध्यायश्री को साहित्य व सन्मतिवाणी विषेषांक भेंट किये गये। संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूज्य महाराजश्री को श्री आदित्य कासलीवाल ने वस्त्र भेंट किये। उन्हें संस्था द्वारा प्रकाशित साहित्य तथा सन्मतिवाणी मासिक के स्व. श्री प्रदीप कुमार सिंह कासलीवाल स्मृति अंक, स्व. डॉ. अजित कुमार सिंह कासलीवाल स्मृति अंक व स्व. श्री निर्मल कुमार सेठी स्मृति अंक डॉ. सूरजमल बोबरा, संपादक जयसेन जैन, अमित कासलीवाल, बाहुबली पाण्ड्या, डॉ. अनुपम जैन ने भेंट किये।

प्रो. श्रेणिक बण्डी ने संस्था का परिचय दिया। श्री रमेश भण्डारी व पूर्व कुलपति प्रो. नरेन्द्र धाकड़ ने संघ व पूज्य महाराज साहब का परिचय दिया। पूज्य महाराज साहब ने दिगम्बर-श्वेताम्बर समाज की एकता पर बल देते हुए कुन्दकुन्द ज्ञानपीठ द्वारा संचालित गतिविधियों की प्रशंसा की। डॉ. संगीता विनायका ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। डॉ. अनुपम जैन ने संचालन किया। श्री राजकुमार पाटोदी ने आभार माना।

-जयसेन जैन

बधाई

श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका के परामर्शदाता **डॉ. अनुपम जैन** इंदौर को भारत के समस्त दिगंबर जैन तीर्थों के प्रबंधन हेतु उत्तरदायी शीर्षस्थ संस्था भा.दि.जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के मुंबई से प्रकाशित मासिक मुख पत्र जैन तीर्थ वन्दना का प्रधान संपादक मनोनीत किया गया है। अ.भा.प. जैन महासभा अनुपम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करती है।

एक मुट्ठी अनाज

एक बड़ा सुंदर मकान है, उसके नीचे अनाज की दुकान है, दुकान के सामने अनाज की ढेरी लगी है, एक बकरा आया, उसने ढेरी पर मुंह मारा...

दुकान का मालिक एक तरुण युवा धनी दुकान पर बैठा था, उसके हाथ में नुकीली छड़ी थी, उसने बकरे के सिर पर जोर से छड़ी मार दी, बकरा मैं...मैं... करता हुआ भागा...

नारद जी तथा अंगिरा ऋषि अपनी राह जा रहे थे, बकरे की उपर्युक्त घटना देखकर नारद जी को हंसी आ गई, अंगिरा जी ने हंसी का कारण पूछा?

तब नारद जी ने बताया कि यह अनाज की दुकान पहले बहुत छोटी थी, इसके मालिक ने इसी दुकान से अपने व्यापार की प्रगति की और अंत में करोड़पति हो गया। उसी ने यह इमारत बनवाई है, परंतु अनाज की बुनियादी दुकान को अपने रहने के मकान के पीछे ही रखा,, क्योंकि इसी दुकान से उसकी उन्नति हुई थी....। मालिक मर गया, उसका बेटा उत्तराधिकारी हुआ। वही, दुकान पर बैठा था, जिसने बकरे को छड़ी से मारकर भगाया था। यह इस दुकान पर रोज आकर बैठता है काम-काज तो नौकर करते हैं।

मुझे हंसी इस बात पर आ गई कि दुकान का वह मालिक, इस तरुण का पिताजी, बकरे की योनि में पैदा हुआ है, यही एक दिन इस दुकान का, मकान का, सारे कारोबार का मालिक था, पर आज 'एक मुट्ठी अनाज' पर भी इसका अधिकार नहीं है। अनाज की ओर मुंह करते ही मार पड़ती है, और जिस पुत्र को बड़े लाड़-प्यार से पाला-पोसा वही मारता है, यही है जगत का स्वरूप...।

इसलिए दोस्तों... इस संसार में कुछ नहीं रखा है, कुछ साथ जाने वाला नहीं है। जो साथ जाएगा, वह है धर्म। अच्छे कर्म करिए व धर्म करिए, वही सब साथ रहने वाला है।

षष्ठम पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

स्व. श्रीमती दीपिका जी जैन

(06.07.1985 - 31.07.2015)

आपका स्नेह, सद्व्यवहार, सेवा भावना, धर्म के प्रति आस्था एवं प्रेरणादायक चरित्र
हमारी स्मृति में सदा रहेगा एवं सदैव हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा।
हम सभी परिवारजन आपको शत् शत् नमन करते हुए
अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत

माता-पिता :
श्रीमती बीना जैन-श्री कैलाश चन्द जैन

भाई-भाभी :
पुनीत जैन-अनामिका जैन

बहिन-जीजाजी :
मनीषा जैन-विपुल जैन
शिल्पी जैन-आलोक जैन
अर्चना जैन-नितिन जैन

ताईजी :
श्रीमती मीना जैन

चाचा-चाची :
सतीश चन्द जैन-त्रिशला जैन
सरोज जैन *(धर्मपत्नी स्व. श्री हरीश चन्द जैन)*
विमल जैन-ऊषा जैन
एवं समस्त चौधरी परिवार

प्रतिष्ठान :
आशीर्वाद पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, जयपुर
आशीर्वाद पब्लिकेशन, जयपुर
जैन बुक डिपो, जयपुर

निवास

बी-9, डिस्ट्रिक्ट शॉपिंग सेन्टर, लक्ष्मी मंदिर सिनेमा के पास, टोंक रोड, जयपुर
फोन : 0141-2741519, मो.: 9784167726, 9829015077

द्वितीय पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

स्व. श्रीमती लक्ष्मी देवी जी जैन

(स्वर्गवास : 25.07.2019)

आपका स्नेह, सद्व्यवहार, धर्म परायणता को हम सभी
शत्-शत् नमन करते हुए आपको सादर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत

बाबूलाल जैन *(नौगांवा)*
(पति)

पुत्र-पुत्रवधु :
योगेश जैन-रश्मि जैन
ज्ञानेश जैन-गीता जैन

पौत्र, पौत्री :
शुभम, संभव,
विशुता, तान्या

पौत्री-पौत्री दामाद :
अक्षिता जैन-मुकुल जैन

पुत्री-दामाद :
ममता जैन-स्व. श्री अनिल जैन
कल्पना जैन-श्री राजेश जैन

नवासा, नवासी :
गौरव,
अंकित-पल्लवी,
आयुष,
रिया-सौरभ

प्रतिष्ठान

★ मै. अरिहन्त पैकेजिंग
महावीर एन्कलेव, नई दिल्ली, फोन : 25052070

निवास : RZ-7A/2, गली नं. 3, पूरन नगर, पालम गांव, नई दिल्ली-110077
फोन : 011-25367174, मो. 9968002564

PRODUCTS :
Transmission Line Towers (HT&LT), Telecom Towers,
Wind Mill Structures, Sub-Station Structures, Lattice Structures,
RSJ Poles & GI Earthing Strips.

FULLY EQUIPPED ULTRA MODERN FABRICATION AND GALVANIZING PLANT WITH EOT CRANES, HOISTS, POWER TROLLEYS, TESTING LABS & ETP SYSTEM TO ENSURE GREEN ENVIRONMENT

Fabrication & Galvanizing done as per IS, BIS, ASTM, DIN & ISO Standards
Bath Size : 9m (L) x 0.8m (W) x 1.4m (D)
Plant Capacity : 18000 Tons / Year

Vijay Transmission PVT. LTD.

Plant :
PNH No. 100, Village Kanhera, Block Dharsiva, Uria Acholi Marg, Dist. Raipur-492001
Tel.: (0771) 305 4900 • Fax : (0771) 232 3162

Corporate Office :
210, 211, 2nd Floor, Kamla Space, S.V. Road, Santacruz (West), Mumbai-400054
Tel.: 022-262183401 • Fax : +91-022-26609915
E-mail : info@vijaytransmission.com

भावभीनी श्रद्धांजलि



स्व. श्री महावीर प्रसाद जी जैन

(सुपुत्र स्व. श्री हरीशचन्द्र जी जैन)

(पुण्यतिथि : 21.5.2017)

स्व. ई. श्री मोहित कुमार जी जैन

(सुपुत्र स्व. श्री महावीर प्रसाद जी जैन)

(पुण्यतिथि : 9.8.2018)

हम आपको सादर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए
भगवान वीर से आपकी चिर आत्मीय शांति की प्रार्थना करते हैं।

श्रद्धावनत

श्रीमती मिथलेश जैन
(धर्मपत्नी)
डॉ. मेघा जैन-डॉ. पीयूष जैन
(पुत्री-दामाद)

श्रीमती मिथलेश जैन
(माँ)
डॉ. मेघा जैन-डॉ. पीयूष जैन
(बहन-बहनोई)

मोहित कुमार जैन ट्रस्ट (पंजि.)

ए/165, पालम एक्सटेंशन, सेक्टर 7, द्वारका, नई दिल्ली-110077
दूरभाष : 9599660709, 9599230509

षष्ठम पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

स्व. श्रीमती माया जी जैन

(पुण्य तिथि 18 जुलाई 2015)

(धर्मपत्नी स्व. श्री दया चन्द्र जी जैन, Retd. B.D.O.)

अपनी मधुर स्मृतियां छोड़ आप अनन्त में विलीन हो गईं
हम सभी परिवार जन आपको श्रद्धापूर्वक, अश्रुपूरित नयनों से नमन करते हैं

श्रद्धावनत

पुत्र-पुत्रवधु :
चन्द्र प्रकाश जैन-रजनी जैन
(Ex. En. PWD)
मनीष जैन-आरती जैन
(AEN MCD Delhi)

पौत्री, पौत्र :
रिया, तन्वी,
रोनित, तन्मय

पड़ दोहिती, दोहिते :
अदिश्री, अव्यांश

पुत्री-दामाद :
मंजू-देवेन्द्र जैन
अर्चना-दिनेश जैन
रेणु-अनिल जैन
निधि-विवेक जैन

दोहिते-दोहिती :
नितिश-दिपाशा
डॉ. निमिषा-डॉ. आधार
अंशुल, समीक्षा, अनुव्रत,
अविजीत, सम्यक

देवर :
राजकपूर जैन
बिमलचन्द जैन

भतीजे :
धर्मचन्द जैन
राजेन्द्र प्रसाद जैन
सत्यप्रकाश जैन
पंकज कपूर जैन
विजय प्रकाश जैन
विपुल जैन

निवास :
555-बी, स्कीम-2, अलवर
72/29-ए, पटेल मार्ग, मानसरोवर, जयपुर
ए-303, आदित्य गार्डन सिटी, वसुन्धरा, गाजियाबाद
मो.: 9414277153, 9717787673

With Best Compliments From

Authorised Distributor for

- ★ Johnson & Johnson Ltd.
- ★ SD. BIO SENSOR
- ★ Ortho Clinical Diagnostics
- ★ Lifescan-Division, for one touch Brand Glucometers & Strips.
- ★ Biorad Laboratories
- ★ Alere Medical
- ★ Transasia Biomedical Ltd.
- ★ LILAC Medicare

Sanjay Jain - Rajeev Jain

S.R. Enterprises

223, Bichoon Market, Kishanpole Bazar, Jaipur-302 003
Ph.: (O) 2322089, 2323903 (R) 2546017 • Fax : 0141-4022089
(M) +91-98290 12628, 94140 76265

17वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजली

जन्मतिथि :
08.02.1929

स्वर्गवास :
02.07.2004

स्व. श्री बंगालीमल जैन जी दलाल

(पूर्व अध्यक्ष, शाखा आगरा - श्री अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा)

आपके द्वारा जो कर्तव्यनिष्ठता, ईमानदारी और धर्मपरायणता का पाठ पढ़ाया गया उसी का अनुसरण करते हुए निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर।

श्रद्धावनत

पुत्र-पुत्रवधू :
मगन कुमार जैन-पुष्पा जैन
सुनीता जैन
ज्ञान कुमार जैन-सुषमा जैन

पुत्री - दामाद :
गुनमाला जैन-निर्मल जैन
ओमवती जैन-गिरीश जैन
अनूप जैन-सतीश जैन

पौत्र-पौत्रवधू :
अंकुर जैन-श्वेता जैन

पौत्र, पौत्री :
विपुल, सौरभ, गौरव जैन, रति, श्रुति जैन

पौत्री-पौत्री दामाद :
शालिनी जैन-कुशलेश जैन
प्रीति जैन-पंकज जैन
कीर्ति जैन-हिमांशु जैन

परपौत्र, परपौत्री :
इस्ति, रचित, मीका, अरशिया, विहान

फर्म :

बंगाली मल जैन एण्ड संस, लोहा मण्डी, आगरा
बंगाली मल विजय कुमार जैन, लोहा मण्डी, आगरा
मो. : 9219103254 9837201913, 9411461006

12वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

स्व. श्रीमती सन्तरा देवी जी जैन

(स्वर्गवास : 9 जुलाई 2009)

आपका स्नेह, सद्व्यवहार, धर्मपरायणता को हम सभी शत्-शत् नमन करते हुए आपको सादर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत

त्रिलोक चन्द जैन
(पति)

पुत्र-पुत्रवधु :
महावीर प्रसाद-राजेश्वरी
डॉ. पदम चन्द-बीना
